02- OCT-RAIGARH-pg-01_Layout 1 10/2/2026 8:51 PM Page 1

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

4

चंघोरी और परसापाली के प्राइमरी स्कूल जर्जर, बारिश से बचने तिरपाल का सहारा



खबर संक्षेप

ऑटो का किराया मांगने पर चालक से मारपीट

रायगढ़। चक्रधरनगर क्षेत्र में ऑटो का किराया मांगने को लेकर विवाद और मारपीट का मामला सामने आया है। ऑटो चालक दीपक चौहान ने पुलिस को बताया कि किराए के 200 रुपये मांगने पर एक युवक ने उसके साथ गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में पहने कड़े से सिर के पीछे वार कर दिया। जिससे वह घायल हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पंजरी प्लांट निवासी दीपक चौहान ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह ऑटो चलाकर अपने परिवार का जीवन यापन करता है। 1 अक्टूबर की दोपहर को वह चक्रधरनगर में फल की दुकान लगाने वाले जावेद के लिए मौदहा पारा स्थित लकड़ी टाल से लकड़ी लेकर उसकी दुकान तक पहुंचा था। इसके बाद दीपक ने जावेद से ऑटो का किराया 200 रुपये मांगा। इसी दौरान वहां मौजूद जावेद के भतीजे बिल्ला खान ने दीपक को वहां से चले जाने के लिए कहा और उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ की कलाई में पहने कड़े से उसके सिर के पीछे वार कर दिया। इस हमले के कारण उसके सिर के पिछले हिस्से में चोट लगी और खून निकलने लगा। घटना के समय ऑटो चालक छोटेलाल केंवट और गंगाराम मौके पर मौजूद थे।

मामूली बात पर युवक ने की पति-पत्नी से मारपीट

रायगढ़। खरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम बसनाझर में बाड़ी में गाय घुसने को लेकर विवाद का मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। दरअसल, साग-भाजी चराने से मना करने पर एक ग्रामीण ने महिला के साथ गाली-गलौज और धक्का-मुक्की की। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पति के साथ भी डंडे से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बसनाझर निवासी जानकी पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 30 सितंबर को जब वह घर पर थी। इसी दौरान गांव का बृजलाल पिता रामलाल अपनी गाय को उसके घर से लगी बाड़ी में ले जाकर उगाई गई भाजी चरा रहा था। जानकी ने जब इसका विरोध किया और गाय को बाड़ी में चराने से मना किया, तो विवाद शुरू हो गया। बृजलाल ने महिला के साथ अश्लील गाली-गलौज की और उसके बाल खींचकर धक्का दिया, जिससे वह गिर गई। महिला के चिल्लाने पर उसके पति माधवराम पटेल मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। उसके पति ने घटना का मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड करना शुरू किया, तो आरोपी ने उनके साथ भी गाली-गलौज करते हुए डंडे से मारपीट की।

बाइक सवार को अज्ञात ट्रक ने मारी टक्कर, घायल

रायगढ़। जूटमिल थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना का मामला सामने आया है। धरमपुर दर्रामुड़ा चौक के पास पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। हादसे में युवक के माथे, हाथ-पैर, सीने और कमर में चोटें आई हैं। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रायगढ़ में भर्ती कराया गया है। वहीं पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना प्रारंभ कर दिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमपुर दर्रामुड़ा निवासी पृथ्वी खड़िया 30 सितंबर को दोपहर करीब 12 बजे अपनी मोटर साइकिल क्रमांक सीजी 13 एडी 2916 से घर से लहंगापाली की ओर जा रहा था। वह धरमपुर दर्रामुड़ा चौक के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचा था, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। ट्रक चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चला रहा था।

रॉबर्टसन स्टेशन पर की यार्ड रीमॉडलिंग सहित अन्य कार्यों की समीक्षा

रेलवे जीएम ने किया निरीक्षण, धीमे निर्माण कार्यों पर जताई नाराजगी, तेजी लाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने चांपा-बाराद्वार-रायगढ़ रेलखंड का विस्तृत निरीक्षण किया। करीब पूरे रेलखंड में किए गए निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशनों, रेलवे यार्ड, पुल, लेवल क्रॉसिंग, ट्रैक, रनिंग रूम, क्रू लॉबी और निर्माणाधीन यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने चांपा स्टेशन से निरीक्षण की शुरुआत की। उन्होंने सक्ती से झाराडीह के बीच रेलखंड पर स्पीड ट्रायल किया गया। इस दौरान निर्धारित गति पर रेल परिचालन और संरक्षा मानकों की जांच की गई। झाराडीह स्टेशन यार्ड में महाप्रबंधक ने विभिन्न पॉइंट्स की स्थिति और संचालन व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। रायगढ़ पहुंचने के बाद उन्होंने रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, वहीं दूसरी ओर उन्होंने कार्य की धीमी गति को लेकर नाराजगी भी जाहिर की। बताया जा रहा है कि 30 नवंबर तक पहले चरण के निर्माण कार्यों को पूरा करने को लेकर संबंधित ठेकेदार को निर्देशित किया गया है। रेलवे स्टेशन में निर्माण कार्यों को उन्होंने नक्शे व ले-आउट के माध्यम से समझने को प्रयास किया। उन्होंने स्टेशन परिसर की यात्री सुविधाओं और परिचालन व्यवस्था का जायजा लिया। स्टेशन पर पार्सल कार्यालय, प्रतीक्षालय, रिटायरिंग रूम आदि में यात्रियों की सुविधाओं व व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और संरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के साथ परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए। इससे पहले खरसिया स्टेशन पर रनिंग रूम और क्रू लॉबी का निरीक्षण करते हुए महाप्रबंधक ने लोको पायलट तथा अन्य रनिंग स्टाफ से सीधे संवाद किया। उन्होंने संरक्षा से जुड़े मुद्दों और कर्मचारियों को उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली। गैंग संख्या 13 के कर्मचारियों से भी कार्यस्थल की चुनौतियों, सुरक्षा सावधानियों और संसाधनों के संबंध में चर्चा की। इसके बाद खरसिया-रॉबर्टसन डाउन लाइन पर कर्व का निरीक्षण किया गया। रॉबर्टसन स्टेशन पर यार्ड रीमॉडलिंग सहित अन्य संरचनात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान उन्होंने प्रेसवार्ता करते हुए मीडियाकर्मियों से भी चर्चा की।



हावड़ा के लिए वंदे भारत व प्रयागराज तक सीधी ट्रेन की मांग

रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और रेल कनेक्टिविटी बेहतर बनाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ शहर ने निरीक्षण करने पहुंचे महाप्रबंधक तरूण प्रकाश 6 सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित अतिरिक्त परिसर में पर्याप्त बिजली, स्वच्छ पेयजल और मेडिकल स्टोर की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। कांग्रेस ने स्टेशन परिसर में 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था, पर्याप्त पुलिस बल और रेलवे सुरक्षा बल की नियमित गश्त सुनिश्चित करने की मांग की है। इसके अलावा रायगढ़ से हावड़ा तक वंदे भारत ट्रेन शुरू करने तथा प्रयागराज के लिए सीधी नियमित ट्रेन चलाने या किसी मौजूदा ट्रेन का रायगढ़ तक विस्तार करने की मांग की गई है। वहीं, बढ़ते यातायात दबाव को देखते हुए रेलवे स्टेशन से जुड़े अंडरब्रिज के चौड़ीकरण की मांग उठाई गई है। यात्रियों की जरूरत को देखते हुए मेडिकल स्टोर खोलने की भी मांग की गई।

रेल सुविधाओं को लेकर 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा



रेल सुविधाओं के विस्तार और लंबित मांगों को लेकर रायगढ़ बचाओ-लड़ेंगे रायगढ़ के नेतृत्व में नागरिकों ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जीएम को 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रस्तावित रेलवे टर्मिनल का शीघ्र निर्माण, रायगढ़ से कटनी-दिल्ली के लिए सप्ताह में 4 दिन ट्रेन चलाने तथा प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या के लिए सीधी रेल सेवा शुरू करने की मांग की गई। इसके अलावा बिलासपुर-इंदौर ट्रेन को रायगढ़ से चलाने, दक्षिण भारत के लिए सीधी ट्रेन शुरू करने और रायगढ़ रेलवे स्टेशन के निर्माण में कथित अनियमितताओं की जांच की मांग भी रखी गई।

पुल और लेवल क्रॉसिंग की भी जांच

रॉबर्टसन-भूपदेवपुर के बीच मांड नदी पर बने पुल का संरक्षा निरीक्षण किया गया। वहीं भूपदेवपुर-किरोड़ीमल नगर के बीच समपार का जायजा लेते हुए गेटमैन की कार्यप्रणाली और सुरक्षा सावधानियों की जांच की गई। यहां अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे यात्री सुविधा और स्टेशन उन्नयन कार्यों की प्रगति देखी।

मोबाइल टावर का ताला तोड़कर बैटरियां चोरी

रायगढ़। तमनार थाना क्षेत्र में मोबाइल टावर से बैटरियां चोरी होने का मामले मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना प्रारंभ कर दी है। दरअसल, इंदिरा नगर स्थित पेट्रोल पंप के सामने लगे मोबाइल टावर के सेल्टर का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने अंदर रखी छह बैटरियों हाथ साफ कर दिया। टावर बंद होने का अलार्म मिलने के बाद टेक्नीशियन मौके पर पहुंचा, तब चोरी का पता चला। इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए चन्द्रसेन कुर्रे ने बताया कि वह मूल रूप से बिलासपुर जिले के पचपेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम केंवटाडीह टांगर का रहने वाला है। वर्तमान में वह पूंजीपथरा थाना क्षेत्र के ग्राम गेरवानी में रहकर मोबाइल टावर कंपनी में टेक्नीशियन के पद पर काम करता है। उसके जिम्मे तमनार क्षेत्र के मोबाइल टावरों की देखरेख है। बीते दिनों इंदिरा नगर पेट्रोल पंप के सामने स्थित मोबाइल टावर की जांच की थी। उस समय टावर सही स्थिति में था। इसके बाद 30 सितंबर को तड़के करीब 4 बजे टावर बंद होने का अलार्म मिला। जिसके बाद उसने सुबह लगभग 6 बजे वह मौके पर पहुंचा और टावर की जांच की । मौके पर पहुंचने पर टावर के सेल्टर का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर जांच करने पर छह बैटरियां गायब मिलीं। अज्ञात चोर रात के दौरान सेल्टर का ताला तोड़कर बैटरियां चोरी कर ले गए। घटना के बाद टेक्नीशियन ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

घर के भीतर छिपाकर रखी थी सागौन-साल की लकड़ी, वन विभाग ने मारा छापा

रायगढ़। रायगढ़ वन परिक्षेत्र की टीम ने जामगांव सर्किल के भगोरा गांव में एक मकान पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में सागौन और साल प्रजाति की लकड़ी बरामद की है। लकड़ी को घर के भीतर भंडारण कर रखा गया था। विभाग ने पूरी लकड़ी को जब्त करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, वन विभाग को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि भगोरा निवासी रथलाल राठिया के घर में अवैध रूप से सागौन और साल की लकड़ी रखी गई है। सूचना की पुष्टि के बाद उड़नदस्ता और विभागीय अमले की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और मकान की जांच शुरू की। तलाशी के दौरान घर से सागौन के बड़े-बड़े लट्ठे और साल प्रजाति का चिरान बरामद हुआ। वन अमले ने लकड़ी के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे, लेकिन मकान मालिक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।



इसके बाद टीम ने बरामद लकड़ी को जब्त कर लिया। वन विभाग के अनुसार, बरामद लकड़ी की कीमत फिलहाल करीब 35 हजार रुपये से अधिक होने का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि वास्तविक कीमत लकड़ी की मात्रा, प्रजाति और गुणवत्ता के आधार पर विभागीय आकलन पूरा होने के बाद ही स्पष्ट होगी। रायगढ़ रेंजर संजय लकड़ा ने बताया कि टीम ने भगोरा गांव में कार्रवाई की थी। मौके से काफी मात्रा में लकड़ी बरामद हुई है। लकड़ी का आकलन किया गया है। मामले में प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सामारूमा-अमलीडीह मार्ग पर सड़क के बीचों-बीच बैठा गजराज, घंटों थम रहा यातायात

तमनार में 49 हाथियों ने डाला डेरा, शाम होते ही रोजाना सड़क पर पहुंच रहा दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार वन परिक्षेत्र में हाथियों की लगातार मौजूदगी से ग्रामीणों और राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। करीब 49 हाथियों का दल दो समूहों में पिछले 15 दिनों से अधिक समय से इन इलाकों में विचरण कर रहा है। शाम होते ही रोजाना हाथियों के दल का जंगल से निकलकर सड़क पर पहुंचना आम हो गया है। बीते शाम को भी सामारूमा-अमलीडीह मार्ग पर उस समय वाहनों की आवाजाही रोकनी पड़ी, जब हाथियों का दल सड़क पर पहुंच गया। इस दौरान एक हाथी सड़क के बीचों-बीच बैठ गया, जबकि अन्य हाथी सड़क पर आसपास घूमते हुए नजर आए। इस तस्वीर को कई राहगीरों ने अपने मोबाइल पर कैद भी किया।



इन सब के इतर हाथियों की मौजूदगी की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सड़क के दोनों ओर वाहनों को रोक दिया गया। वन अमले और हाथी मित्र दल के सदस्य लगातार निगरानी करते रहे। इसके बाद हाथियों ने एक-एक कर सड़क पार किया और जंगल की ओर चले गए। हाथियों के सुरक्षित जंगल में पहुंचने के बाद ही वाहनों को आगे बढ़ने की अनुमति दी गई। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, हाथियों का यह दल एक सप्ताह से अधिक समय से लगभग हर शाम सामारूमा रोड पर दिखाई दे रहा है। शाम करीब 5 बजे के बाद हाथी एक जंगल से दूसरे जंगल की ओर जाने के दौरान सड़क तक पहुंच जाते हैं। बीती शाम भी ऐसा ही कुछ नजारा देखने को मिली, इस दल में शामिल एक हाथी को बीच सड़क पर ही बैठ गया। ऐसे में इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों को हाथियों के हटने का इंतजार करना पड़ता है। हाथियों की आवाजाही के कारण रायगढ़-घरघोड़ा-धरमजयगढ़ मार्ग पर भी यातायात प्रभावित हो रहा है। खासकर शाम के समय सड़क पर हाथियों की मौजूदगी से राहगीरों को सतर्क रहना पड़ रहा है। हाथियों के सड़क पर रहने के दौरान वाहनों को आगे बढ़ने से रोक दिया जाता है, ताकि किसी तरह की दुर्घटना न हो। फिलहाल तमनार क्षेत्र में हाथियों की लगातार मौजूदगी को देखते हुए सड़क से गुजरने वाले लोगों को सावधानी बरतने की अपील वन विभाग द्वारा की जा रही है।

वन विभाग व हाथी मित्र दल की लगातार निगरानी

घरघोड़ा एसडीओ आशुतोष मंडावा ने बताया कि हाथियों के दल पर लगातार नजर रखी जा रही है। जब हाथियों के सड़क पार करने की जानकारी मिलती है। तब वन विभाग की टीम और हाथी मित्र दल के सदस्य सड़क के दोनों ओर वाहनों को रोक देते हैं। इससे हाथियों को बिना किसी बाधा के सुरक्षित रास्ता पार करने में मदद मिलती है। उन्होंने बताया कि एक हाथी सड़क पर बैठ गया था। कुछ देर तक निगरानी करने के बाद हाथियों का पूरा दल वापस जंगल की ओर चला गया।

दीवार से टकराई तेज रफ्तार बाइक, पीछे बैठे युवक की मौत

रायगढ़। पुसौर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार बाइक का अनियंत्रित होकर पेट्रोल पंप की दीवार से टकराना एक युवक के लिए जानलेवा साबित हुआ। हादसे में बाइक के पीछे बैठे कार्तिक मलिक की गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा अभिराम भोय घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रायगढ़ रेफर किया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीती रात ग्राम नावापारा निवासी भरत साव निवासी ग्राम बाघाडेला, कार्तिक मलिक और शेषपाल पाव सहित 4 लोग मन्नत ढाबा में खाना खाने गए थे। भोजन के बाद सभी अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एव्ही 9939 को अभिराम भोय चला रहा था और कार्तिक मलिक उसके पीछे बैठा था। भरत साव और शेषपाल पाव दूसरी बाइक से उनके पीछे चल रहे थे। रात करीब 9:30 बजे ग्राम केसाईपाली स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित हो गई और सीधे दीवार से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पीछे बैठे कार्तिक मलिक के सिर, नाक और मुंह में गंभीर चोटें आईं। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक चालक अभिराम भोय भी घायल हो गया।

16 प्रकरणों में जब्त 416 किलो गांजा व 637 नग प्रतिबंधित सिरप-टेबलेट नष्ट

रायगढ़। पुलिस ने जिले में विभिन्न एनडीपीएस प्रकरणों में जब्त मादक पदार्थों एवं नशीली दवाइयों के नष्टीकरण की विधिवत कार्रवाई की गई। जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल समिति के अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के नेतृत्व में यह कार्रवाई संपन्न हुई।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 16 प्रकरणों में जब्त 415.991 किलोग्राम गांजा एवं 03 नग गांजा पौधों को एमएसपी स्टील एंड पॉवर लिमिटेड जामगांव प्लांट की भट्ठी में विधिवत



जलाकर नष्ट किया गया। इसी प्रकार विभिन्न एनडीपीएस प्रकरणों में जब्त 108 नग प्रतिबंधित सिरप तथा 529 नग प्रतिबंधित टेबलेट/कैप्सूल, कुल 637 नग नशीली दवाइयों को प्लांट परिसर के पास बुलडोजर/रोड रोलर से कुचलकर गड्ढे में दबाकर विधिवत नष्टीकरण की कार्रवाई की गई। नष्ट किए गए मादक पदार्थ एवं नशीली दवाइयों की अनुमानित कीमत 02 करोड़ 8 लाख 26 हजार 399 रुपये है। संपूर्ण कार्रवाई जिला स्तरीय ड्रग्स डिस्पोजल समिति के अध्यक्ष व एसएसपी शशि मोहन सिंह, सदस्य अनिल सोनी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उत्तम प्रताप सिंह उप पुलिस अधीक्षक, अभिषेक तिवारी जिला आबकारी अधिकारी एवं पंचों की उपस्थिति में नियमानुसार संपन्न हुई।

1 जनवरी तक सभी नागरिक सुविधाएं पूर्ण करने की हिदायत

कलेक्टर ने सभी पेट्रोल पंपों में सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के सभी पेट्रोल एवं डीजल पंपों में नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और उच्च गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिला कलेक्टोरेट में पम्प संचालकों की बैठक ली। उन्होंने जिले के सभी पेट्रोल डीजल पंपों में नागरिक सुविधा और स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि सभी पंपों में महिला एवं पुरुषों के लिए पृथक पृथक, उच्च स्तर के साफ सुथरे शौचालय उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने शौचालयों की नियमित स्वच्छता सुनिश्चित करते हुए प्रतिदिन कम से कम तीन बार साफ.सफाई कराने तथा हाई स्टैंडर्ड सैनिटेशन एवं हाइजीन मेंटेनेंस



के साथ एयरपोर्ट स्टैंडर्ड शौचालय जैसी सुविधाएं विकसित करने पर जोर दिया गया। कलेक्टर ने सभी संबंधित कंपनियों के सेल्स ऑफिसरों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए 1 जनवरी तक निर्धारित सभी नागरिक सुविधाएं पूर्ण रूप से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी पंपों में आरओ एवं वाटर कूलर के साथ स्वच्छ पेयजल, वाहनों में निःशुल्क हवा भरने की सुविधाए फर्स्ट एड बॉक्स, शिकायत एवं सुझाव बॉक्स तथा फोन एवं आपातकालीन संपर्क सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। बैठक में सड़क से लगे पेट्रोल डीजल पंपों के एप्रोच एरिया में आवश्यक सुधार कराने के निर्देश भी दिए गए, ताकि वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा हो। इस दौरान बताया गया कि ए साइट पेट्रोल डीजल पंपों में संबंधित तेल कंपनियों द्वारा तथा बी-साइट पंपों में संबंधित डीलर, संचालक द्वारा शौचालयों के निर्माण एवं आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी।

पुसौर के उप डाकघर में नहीं मिल रहा पोस्टकार्ड, ग्रामीणों को परेशानी

पुसौर। केन्द्र सरकार भले ही डिजिटल इंडिया और हर सुविधा ऑनलाइन होने का दावा कर रही है, लेकिन पुसौर में स्थित उप डाकघर की हकीकत कुछ और ही है। यहां इन दिनों साधारण पोस्टकार्ड तक नहीं मिल रहा है। इतना ही नहीं यहां एक्नॉलेजमेंट वाली रजिस्ट्री की सुविधा भी बंद है। जिसकी वजह से इस क्षेत्र के करीब 50 से अधिक गांव के ग्रामीण इससे प्रभावित हो रहे हैं।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बीते दिनों एक ग्रामीण डाक के जरिए जरूरी दस्तावेज रजिस्ट्री से भेजने पुसौर डाकघर पहुंचा। उसने दस्तावेज के पहुंचने की पक्की गारंटी के लिए एक्नॉलेजमेंट पावती वाली रजिस्ट्री कराने की मांग की ताकि उसके पास इस बात का सबूत



रहे कि सामने वाले को पत्र मिला है। इस पर पोस्टमास्टर ने एक्नॉलेजमेंट में लगने वाला पोस्टकार्ड ही डाकघर में उपलब्ध नहीं होने की वजह से रजिस्ट्री हो पाने में असमर्थता व्यक्त की। बताया जाता है कि कुछ साल पहले तक पुसौर में एक्नॉलेजमेंट रजिस्ट्री होती थी। इसमें पत्र भेजने वाले को डाक विभाग की तरफ से एक पावती कार्ड सबूत के तौर पर मिलता था जिस पर पाने वाले के हस्ताक्षर होते थे। यह कानूनी व सरकारी कामों के लिए सबसे पक्का सबूत माना जाता था।

खबर संक्षेप

डाक विभाग की नई सीरीज जारी, विभिन्न महापुरुषों के चित्र वाले टिकट उपलब्ध



पुसौर। डाक विभाग के रोजमर्रा के उपयोग वाले डाक टिकटों की सीरीज में बदलाव किया गया है। अब इन टिकटों पर महात्मा गांधी के साथ ही देश के विभिन्न महापुरुषों को स्थान दिया जा रहा है। पुसौर पोस्ट ऑफिस में उपलब्ध नई सीरीज के टिकटों पर बाल गंगाधर तिलक, गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन, महाराणा प्रताप और नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे प्रमुख व्यक्तित्वों के चित्र हैं। इन टिकटों के मूल्य 1, 4, 5 और 10 रुपये हैं। डाक विभाग में नियमित उपयोग के लिए जारी टिकटों को डेफिनिटिव टिकट कहा जाता है, जबकि विशेष अवसरों या स्मरण के लिए अलग टिकट जारी किए जाते हैं। नई सीरीज में गांधीजी के साथ विभिन्न क्षेत्रों और कालखंडों के अन्य महापुरुषों को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। इससे डाक टिकटों के माध्यम से देश की विविध ऐतिहासिक और राष्ट्रीय विरासत को सामने लाने का प्रयास दिखाई देता है।

जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में हुए 7 सामान्य प्रसव



सारंगढ। जिला चिकित्सालय सारंगढ़ निरंतर बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की एक नवीन पहचान स्थापित कर रहा है। इसी कड़ी में 02 अक्टूबर को अस्पताल की समर्पित टीम ने दोपहर 02 बजे तक कुल 07 सुरक्षित एवं सामान्य प्रसव सफलतापूर्वक कराए हैं। यह उपलब्धि आरएमओ डॉ. नरेंद्र कुमार रात्रे के कुशल समन्वय, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. रानू मनहर तथा नर्सिंग स्टाफ फरहा जांगड़े, ज्योति स्वर्णकार, भारती भगत, योजन सहित जिला चिकित्सालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के सामूहिक व तत्पर प्रयासों से संभव हो सकी है। जच्चा और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने इस उत्कृष्ट कार्य के लिए पूरी मेडिकल व नर्सिंग टीम की सराहना करते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय में लगातार उच्च स्तरीय मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

ग्राम पंचायत गुडेली में विशेष ग्राम सभा आयोजित



गुडेली। ग्राम पंचायत में 02 अक्टूबर को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर गांव से जुड़ी विभिन्न समस्याओं, शिकायतों एवं विकास कार्यों से संबंधित मुद्दों को ग्राम सभा के समक्ष रखा। इस दौरान ग्राम पंचायत सरपंच नरेंद्र पटेल ग्राम सचिव द्वासलाल चौहान रोजगार सहायक दीनानाथ नेताम प्रदीप नेताम आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता और ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं के निराकरण की मांग की। ग्राम सभा में रखे गए विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए जनहित से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने एवं आवश्यक कार्यवाही करने की बात कही गई। विशेष ग्राम सभा का उद्देश्य ग्रामीणों को अपनी बात रखने के लिए मंच उपलब्ध कराना तथा गांव के विकास एवं जनहित से जुड़े विषयों पर सामूहिक चर्चा करना रहा। ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामीणों को प्राप्त शिकायतों एवं सुझावों पर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही को लेकर आश्वस्त किया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता में लक्ष्मी ने हासिल किया प्रथम स्थान



घरघोड़ा। पोरडा विकासखंड स्तरीय सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी हिंदी माध्यम विद्यालय, घरघोड़ा में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोरडा की कक्षा 12वीं की छात्रा लक्ष्मी राठिया ने सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया था, जिसमें लक्ष्मी राठिया की कलाकृति एवं रचनात्मकता को निर्णायकों द्वारा सर्वाधिक सराहा गया। छात्रा की इस उल्लेखनीय उपलब्धि में विद्यालय के प्राचार्य मोहनलाल चौहान तथा मार्गदर्शनकर्ता व्याख्याता श्रीमती अभयदीपा एक्का एवं मनोज कुर्रे का सराहनीय योगदान व मार्गदर्शन रहा, जिनके प्रोत्साहन से छात्रा ने यह सफलता प्राप्त की। लक्ष्मी राठिया की इस सफलता पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोरडा के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं, ग्राम पोरडा के ग्रामवासियों छात्रा को हार्दिक बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

बस्तर को सर्वश्रेष्ठ मार्च पास्ट और सरगुजा को अनुशासन का पुरस्कार

26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन पांच संभागों के खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





रायगढ़ में 28 सितंबर से आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का गुरुवार को समापन हुआ। चार दिनों तक चली इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के बस्तरए बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर और सरगुजा संभाग के करीब 360 खिलाड़ियों एवं 80 ऑफिशियल ने हिस्सा लिया। वॉलीबॉल, खो-खो और कबड्डी की विभिन्न स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिखा रविन्द्र गबेल ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। खेल के मैदान में जीत के साथ अनुशासन, धैर्य, टीम भावना और निरंतर अभ्यास का महत्व भी सीखने को मिलता है। महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि यहां आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न संभागों से आए खिलाड़ियों ने अपनी खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे बेहतर मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर देती हैं। प्रतियोगिता में 17 वर्ष बालक बालिका वर्ग में वॉलीबॉल एवं खो-खो तथा 14 वर्ष बालक बालिका वर्ग में कबड्डी के मुकाबले आयोजित किए गए। 4 दिनों तक विभिन्न खेल स्थलों पर हुए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ टीमवर्क और खेल भावना भी देखने को मिली। समापन अवसर पर बस्तर संभाग को सर्वश्रेष्ठ मार्च पास्ट तथा सरगुजा संभाग को अनुशासन के लिए सम्मानित किया गया।

कब्बड़ी में बिलासपुर को मिला पहला स्थान

कबड्डी बालिका 14 वर्ष में बिलासपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। दुर्ग द्वितीय और रायपुर तृतीय स्थान पर रहा। कबड्डी बालक 14 वर्ष में बिलासपुर प्रथम, रायपुर द्वितीय और दुर्ग तृतीय रहा। खो.खो बालिका 17 वर्ष में दुर्ग की टीम विजेता रही। बस्तर ने द्वितीय और बिलासपुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो.खो बालक 17 वर्ष में बस्तर प्रथमए दुर्ग द्वितीय और रायपुर तृतीय रहा। वॉलीबॉल बालिका 17 वर्ष में दुर्ग ने प्रथम स्थान प्राप्त कियाए जबकि बस्तर द्वितीय और रायपुर तृतीय रहा। वॉलीबॉल बालक 17 वर्ष में रायपुर प्रथम, बिलासपुर द्वितीय और दुर्ग तृतीय स्थान पर रहा।



मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर प्रशासन की नजर, जांच के लिए एकत्र किए गए नमूने

सारंगढ़। जिले में आम नागरिकों और स्कूली बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है। विभागीय टीम ने सारंगढ़ एवं बिलाईगढ़ क्षेत्र में दूध और दूध से बने खाद्य उत्पादों की सघन जांच की। इस दौरान विभिन्न स्थानों से दूध के नमूने लेकर गुणवत्ता परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं।

- सारंगढ़ व बिलाईगढ़ क्षेत्र में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की सघन जांच

स्कूली बच्चों को गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित मध्यान्ह भोजन की भी विभागीय अमले ने जांच की। भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नमूने एकत्र कर प्रयोगशाला भेजे गए हैं। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिले में एनालॉग पनीर के उपयोग पर निगरानी रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा विभिन्न प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया जा रहा है। अलग-अलग स्थानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। विभाग द्वारा खाद्य कारोबारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं मानक के अनुरूप खाद्य सामग्री का ही विक्रय करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। जांच अभियान के साथ विभाग आम नागरिकों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के प्रति जागरूक भी कर रहा है।

जिला पंचायत परिसर में जनप्रतिनिधियों व अधिकारी-कर्मचारियों ने श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश



रायगढ़। स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के अंतर्गत जिला पंचायत परिसर में एक घंटा एक साथ सामुदायिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों ने सहभागिता करते हुए परिसर की साफ सफाई में श्रमदान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। सामूहिक श्रमदान के दौरान जिला पंचायत परिसर के विभिन्न हिस्सों में साफ सफाई की गई। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी कर्मचारियों ने स्वच्छता कार्य में सहभागिता करते हुए स्वच्छ एवं व्यवस्थित परिसर बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम में स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे नियमित व्यवहार का हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास समिति की सभापति श्रीमती सुषमा खलखो, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती लक्ष्मी जीवन पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, परियोजना अधिकारी, उप संचालक पंचायत, प्रशासनिक अधिकारी एवं सहायक परियोजना अधिकारी सहित जिला पंचायत के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवसः 109 वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण

रायगढ़। अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर जूटमिल में वरिष्ठजनों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के दिशा निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई। शिविर में कुल 109 हितग्राहियों, जिनमें 69 महिलाएं और 40 पुरुष शामिल थे, का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

स्वच्छ पाठशाला में विद्यार्थियों ने सीखा स्वच्छता का पाठ, क्विज के जरिए बढ़ी जागरूकता

रायगढ़। स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छ पाठशाला युवा फॉर स्वच्छता थीम पर स्वच्छता एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालयों में विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता, स्कूल परिसर की साफ सफाई, कचरा प्रबंधन और पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी गई। बच्चों को स्वच्छता को केवल अभियान तक सीमित न रखते हुए इसे अपने दैनिक व्यवहार का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के तहत विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता क्विज भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। क्विज में सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण.पत्र प्रदान किए गए। इसके माध्यम से बच्चों में स्वच्छता से जुड़े विषयों की समझ बढ़ाने के साथ उन्हें स्वच्छता गतिविधियों में निरंतर भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया गया। स्वच्छ पाठशाला युवा फॉर स्वच्छता के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वच्छता का संदेश घर परिवार और समाज तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

डीएवी स्कूल में रन फॉर डीएवी के तहत मैराथन दौड़ आयोजित



तलईपाली। डीएवी पब्लिक स्कूल एनटीपीसी तलईपाली में 'रन फॉर डीएवी' अभियान के अंतर्गत 2 किलोमीटर मैराथन दौड़ का आयोजन एनटीपीसी आवासीय परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य श्री नरोत्तम कुंअर ने महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर एनटीपीसी परियोजना प्रमुख अरुण कुमार सक्सेना, तिलोत्तमा समिति की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी सहित एनटीपीसी के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

परियोजना प्रमुख अरुण कुमार सक्सेना ने 'रन फॉर डीएवी' का झंडा दिखाकर मैराथन दौड़ को रवाना किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। खेलों में जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण सहभागिता होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। मैराथन के दौरान प्रतिभागी विद्यार्थियों की सुविधा एवं सुरक्षा का ध्यान रखते हुए ट्रैक पर पेयजल और प्राथमिक चिकित्सा की व्यवस्था की गई थी। दौड़ पूरी होने के बाद विद्यार्थियों को स्वल्पाहार वितरित किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से नवमी तक के विद्यार्थियों ने अलग-अलग आयु वर्गों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। कक्षा तीसरी से पांचवीं बालक वर्ग में गगन सिदार ने प्रथम, सरील बिरवा ने द्वितीय और आदित्य कुर्रे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी वर्ग के बालिका वर्ग में लामिया सिदार प्रथम, अनाया गोस्वामी द्वितीय और अनुभी शर्मा तृतीय रहीं। कक्षा छठवीं से सातवीं बालक वर्ग में आभास मेसी तिग्गा प्रथम, सौम्य साहू द्वितीय और थलेश पटेल तृतीय रहे। बालिका वर्ग में सुभी महापात्रा ने प्रथम, लीज़ा साव ने द्वितीय और डॉली यादव ने तृतीय स्थान हासिल किया। कक्षा आठवीं से नौवीं बालक वर्ग में विराट जायसवाल प्रथम, माधव सिदार द्वितीय और अर्पित शर्मा तृतीय रहे। वहीं बालिका वर्ग में निधी साव प्रथम, रीत सिदार द्वितीय और श्रुति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन में विद्यार्थियों ने खेल भावना और उत्साह के साथ सहभागिता की।

माहवारी स्वच्छता पर बालिकाओं को जागरूकता का पाठ



रायगढ़। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा भवानी शंकर षडंगी हायर सेकेंडरी स्कूल राजापारा में स्वच्छता एवं माहवारी स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा छठवीं से दसवीं तक की 53 बालिकाओं ने भाग लिया।

बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, माहवारी के दौरान आवश्यक सावधानियों और स्वच्छता संबंधी व्यवहार की जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में बताया गया कि किशोरावस्था में माहवारी शुरू होना एक सामान्य शारीरिक परिवर्तन है। इस दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने बताया कि बालिकाओं को सेनेटरी पैड के सही उपयोग, समय पर पैड बदलने, हाथों की स्वच्छता और इस्तेमाल किए गए पैड के सुरक्षित निपटान के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही माहवारी को लेकर झिझक एवं गलत धारणाओं से बचने और किसी परेशानी की स्थिति में माता पिता, शिक्षक या स्वास्थ्यकर्मी से बात करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को नियमित हाथ धोने, शरीर एवं कपड़ों की स्वच्छता रखने तथा स्वच्छ पानी का उपयोग करने के लिए भी जागरूक किया गया। इसके साथ ही 14.15 वर्ष की बालिकाओं के लिए एचपीवी वैक्सीन के महत्व की जानकारी दी गई। माहवारी स्वच्छता के तहत सभी 53 बालिकाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती पूनम पाण्डेय एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

सारंगढ़ में अब स्त्री एवं प्रसूति रोगों की जांच व उपचार की सुविधा

कोसीर। सारंगढ़ के मुस्कान मेडिकोज, कॉलेज मोड़ स्थित द बुद्धा यूरो गायनी केयर क्लिनिक में अब एडवांस टेक्नोलॉजी से लैस सोनोग्राफी मशीन के माध्यम से स्त्री एवं प्रसूति रोगों की जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध होगी। यहां स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन डॉ. लीना पुराइन मरीजों को परामर्श और उपचार प्रदान करेंगी।



डॉ. लीना पुराइन ने एमबीबीएस की पढ़ाई इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज, नागपुर से पूरी की है। इसके बाद उन्होंने दिल्ली के प्रतिष्ठित मौलाना आजाद मेडिकल कॉलेज से स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञता तथा सर्जरी में एमएस की डिग्री और प्रशिक्षण प्राप्त किया है। क्लिनिक में गर्भवती महिलाओं के लिए एंटीनेटल जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही महिलाओं के सामान्य अल्ट्रासाउंड सहित यूरोलॉजिकल अल्ट्रासाउंड भी किया जाएगा। यूरोलॉजिकल अल्ट्रासाउंड के तहत किडनी, यूरेटर और ब्लैडर की जांच की जाएगी। इसके अलावा प्रोस्टेट से संबंधित अल्ट्रासाउंड तथा पथरी जैसी समस्याओं की जांच एवं उपचार के लिए भी परामर्श उपलब्ध रहेगा। क्लिनिक संचालकों के अनुसार इन स्वास्थ्य सेवाओं के उपलब्ध होने से क्षेत्र के मरीजों को जांच और विशेषज्ञ परामर्श के लिए बड़े शहरों या महानगरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। खासकर महिलाओं को स्त्री एवं प्रसूति संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए स्थानीय स्तर पर विशेषज्ञ चिकित्सकीय सलाह और जांच की सुविधा मिल सकेगी।

नुक्कड़ नाटक के जरिए विद्यार्थियों ने जगाई सामाजिक जागरूकता



रायगढ़। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेजेस पड़गांव में विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। विद्यार्थियों ने अभिनय और संवादों के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को प्रभावी ढंग से सामने रखा। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और सेवा भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने सहज एवं रोचक शैली में प्रस्तुति देते हुए सामाजिक विषयों को आमजन के बीच रखा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करने के साथ सेवा संकल्प अभियान की गतिविधियों से उन्हें जोड़ना रहा।

पूजा-अर्चना के साथ अग्रसेन जयंती समारोह का शुभारंभ



खरसिया। नगर के अग्रसेन चौक में भगवान अग्रसेन की पूजा अर्चना आरती कर अग्रसेन जयंती का शुभारंभ नगर के अग्र बंधुओं की उपस्थिति में किया गया।

अग्रसेन जयंती के अध्यक्ष सुनील गर्ग के नेतृत्व में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जयंती पर शानदार कार्यक्रमो का आयोजन किया जा रहा है। महिला समिति में प्रमुख कौशल्या अग्रवाल, अर्चना गर्ग, राखी अग्रवाल, रीना गर्ग, कोमल बंसल, रोली अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, कविता अग्रवाल द्वारा जयंती में होने वाली प्रतियोगिताओं की जोरदार तैयारी की गई है। महिलाओं की आज हुई प्रतियोगिताएँ इस प्रकार है। म्यूजिकल चेयर रेस में प्रथम कांता अग्रवाल पति विनोद अग्रवाल और द्वितीय कृष कबुलपुरिया पिता रवि कबुलपुरिया रहे, वही बत्तीसी व भाषण प्रतियोगिता और बेस्ट सास बहू की जोड़ी की। प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। समिति के अध्यक्ष सुनील गर्ग, सहअध्यक्ष नितिन गोयल, सचिव अनिल गर्ग, कोषाध्यक्ष सूर्यदीप सन्नी, जयंती को धूमधाम से मनाने भव्य तैयारी में लगे हुए है।

राष्ट्रीय सेवा योजना ने मनाई बापू व शास्त्री की जयंती

घरघोड़ा। डॉ भंवर सिंह पोर्ते महाविद्यालय घरघोड़ा इकाई द्वारा 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर स्वयंसेवकों के द्वारा लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। तत्पश्चात महाविद्यालय प्रांगण की साफ सफाई करते हुए पॉलिथीन आदि का निपटान वृक्षों का संरक्षण आदि कार्य स्वयंसेवको के द्वारा किए गए।

चंघोरी और परसापाली में आंगन मिलन कार्यक्रम

पुसौर। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन सेवा से देश सेवा के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूरे देश में सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जो मुख्य रूप से आंगनबाड़ी केंद्र स्वास्थ्य केंद्र सहित शासन के अन्य कार्यालयों में हो रहे हैं। इसी कड़ी में पुसौर क्षेत्र के ग्राम चंघोरी और परसापाली के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मंडल महामंत्री और नशामुक्ति अभियान के संयोजक सुरेन्द्र जेना उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम की शुरुआत परसापाली आंगनबाड़ी केंद्र से हुई। यहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती बासंती चौहान और सहायिका श्रीमती चेतमति यादव के नेतृत्व और उनकी महिला टीम के सहयोग से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।





रहस्य और एक्शन से भरी है नई नवेली की कहानी

मुंबई। मेकर्स ने अभिनेत्री यामी गौतम की आगामी फिल्म 'नई नवेली' का ट्रेलर जारी कर दिया है। फिल्म में यामी गौतम धर एक बिल्कुल अलग और अनदेखे अंदाज में नजर आने वाली हैं। । 'नई नवेली' 16 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। ट्रेलर को देखकर साफ है कि मामला सिर्फ एक डायन तक सीमित नहीं है। कहानी धीरे-धीरे एक ऐसी दुनिया में पहुंचती है, जहां कॉमेडी, रहस्य, फैंटेसी और एक्शन का जबरदस्त मेल देखने को मिलेगा। फिल्म का निर्देशन बालाजी मोहन ने किया है। इसकी कहानी हिमांशु शर्मा और दिव्य निधि शर्मा ने लिखी है।

लाइफ Style

रूहानी

खूबसूरत हसीना का अनुष्का से है खून का रिश्ता

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मैदान पर विराट के रिकॉर्ड और उपलब्धियों के बारे में तो हर कोई जानता है, लेकिन उनकी निजी जिंदगी और परिवार से जुड़े कई रिश्ते अब भी लोगों के लिए दिलचस्पी का विषय हैं। इसी बीच तेलुगु सिनेमा की एक जानी-पहचानी एक्ट्रेस रूहानी शर्मा का एक पुराना दावा फिर चर्चा में है।

एक्ट्रेस ने खुद को अनुष्का शर्मा की कजिन बताते हुए विराट कोहली को अपना जीजा कहा था। रूहानी शर्मा तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में काम करने वाली एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपने एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'ची ला सौ' से की थी। राहुल रवींद्रन के निर्देशन में बनी इस फिल्म में रूहानी ने अपनी एक्टिंग से दर्शकों का ध्यान खींचा था। इसके बाद उन्होंने अलग-अलग भाषाओं की फिल्मों में काम किया और अपनी पहचान बनाई। रूहानी शर्मा का जन्म 18 सितंबर 1994 को हिमाचल प्रदेश में हुआ था। उन्होंने अपनी पढ़ाई चंडीगढ़ से पूरी की। फिल्मों में आने के बाद उन्होंने तेलुगु और मलयालम सिनेमा में कई अलग-अलग तरह के किरदार निभाए। उनकी फिल्मों में हिटः द फर्स्ट केस, डर्टी हरी, 101 जिल्लाला अंदागाडू और सैंधव जैसे नाम शामिल हैं।' रूहानी शर्मा का विराट कोहली के साथ रिश्ता तब चर्चा में आया, जब उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान खुद को अनुष्का शर्मा की कजिन बताया था। इसी बातचीत में उन्होंने विराट कोहली को अपना जीजा भी कहा था। उनका कहना था कि वह अनुष्का शर्मा की कजिन हैं और इस रिश्ते की वजह से विराट उनके जीजू लगते हैं।



हॉलीवुड मसाला




32 साल छोटी गर्लफ्रेंड से की शादी

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी अभिनेता जिम कैरी ने अपनी गर्लफ्रेंड मिन आह से शादी कर ली है। 64 साल के अभिनेता और उनकी 32 साल की मिन ने करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में शादी की। यह शादी लॉस एंजिल्स में एक निजी समारोह में हुई। अभिनेता की शादी की खबर कैरी और मिन आह के अपने रिश्ते को सार्वजनिक करने के कुछ ही महीनों बाद आई है। उन्होंने इस साल फरवरी में पेरिस में सीजर अवाइर्स में एक साथ आकर अपने रिश्ते को सबके सामने जाहिर किया था। अवार्ड शो में, कैरी को मानद सीजर अवार्ड मिला।



जेम्स बॉन्ड सहित कई चर्चित फिल्मों में किया था काम

लॉस एंजिल्स। ब्रिटिश फिल्म एडिटर जॉन ग्रोवर का निधन हो गया है। वे 87 वर्ष के थे। उन्होंने अपने घर पर अंतिम सांस ली। जॉन ग्रोवर को हॉलीवुड की कई चर्चित फिल्मों को एडिट करने के लिए जाना जाता था। उन्होंने जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी की छह फिल्मों पर काम किया था। इनमें फॉर योर आइज ओनली (1981), द लिविंग डेलाइट्स (1987) और लाइसेंस टू किल (1989) जैसी फिल्मों में उन्होंने मुख्य एडिटर की भूमिका निभाई। इसके अलावा उन्होंने द स्पाई हू लव्ड मी, मूनरेकर और ऑक्टोपुसी जैसी फिल्मों को तैयार करने में भी मदद की थी। अपने शुरुआती करियर में जॉन ग्रोवर ने स्टैनली कुब्रिक की चर्चित फिल्म '2001- ए स्पेस ओडिसी' और डेविड लीन की 'डॉक्टर जिवागो' में अनक्रेडिटेड असिस्टेंट एडिटर के रूप में काम किया था। ब्रिटिश फिल्म एडिटर्स के लंबे समय तक वाइस चेयरमैन रहे ग्रोवर को अप्रैल में संगठन का लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड मिला।



जेलर-2 का तीसरा गाना बिंदास रिलीज...

मुंबई। रजनीकांत की फिल्म 'जेलर 2' का तीसरा गाना 'बिंदास'मेंकर्स ने रिलीज कर दिया है। साउथ की इस बहुप्रतिक्षित फिल्म में नोरा फतेही काफी खास अंदाज में दिखाई दे रही हैं। इस डांस नंबर को दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं। इस गाने में नोरा फतेही काफी बोल्ड अवतार में दिखाई दे रही हैं। बिंदास गाने को अनिरुद्ध रविचंदर और दीप्ति सुरेश ने गाया है। फिल्म 'जेलर 2' के 12 गानों के एल्बम से यह तीसरा गाना रिलीज हुआ है। नोरा फतेही का यह गाना फिल्म के रिलीज की तरफ बढ़ते कदमों को दिखा रहा है। कुछ दिनों पहले फिल्म 'जेलर 2' का एक हाई-एनर्जी गाने 'अला बोलेलो' के बाद अब फिल्म का दूसरा गाना 'वन सन, वन मून' का लिरिकल वीडियो यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है।



सबा के साथ शेयर कीं रोमांटिक तस्वीरें

नई दिल्ली। बॉलीवुड के स्टार ऋतिक रोशन की इंस्टाग्राम पोस्ट ने फैंस का ध्यान खींचा है। वह अपनी गर्लफ्रेंड के साथ अपने रिश्ते के पांच साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। इस मौके पर उन्होंने अपनी पार्टनर के साथ कई तस्वीरें शेयर की हैं। उनकी ये पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सेलेब्स ने इस पर शानदार कमेंट कर रहे हैं। अभिनेता ने गुरुवार अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी गर्लफ्रेंड सबा आजाद के साथ बिताए पलों की कई रोमांटिक तस्वीरें शेयर की हैं। एक तस्वीर में ऋतिक और सबा को डूबते सूरज के सामने साथ खड़े देखा जा सकता है। एक और तस्वीर में कपल किसी एयरक्राफ्ट के अंदर सेल्फी के लिए पोज देते हुए दिख रहा है। एक और तस्वीर में वह समुद्र किनारे बैठे हैं। अपनी पोस्ट में उन्होंने सबा आजाद के लिए एक प्यारा नोट लिखा है।

टीवी मसाला

बिग बॉस 20 से अचानक बाहर हुईं रीति, उदिति- माही ने बिगाड़ा खेल

नई दिल्ली। 'बिग बॉस 20' के घर में कब क्या हो जाए, इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। शो में कंटेस्टेंट्स की रणनीति और रिश्तों के बीच हर दिन नए ट्विस्ट देखने को मिल रहे हैं। अब मेकर्स ने दर्शकों को एक और बड़ा सरप्राइज दिया है। शो में मिड-वीक एविक्शन हुआ, जिसमें रीति तिवारी का सफर अचानक खत्म हो गया। घर से बाहर निकलने वाली रिहति इस सीजन की पहली मिड-वीक एविक्टेड कंटेस्टेंट बनी हैं। उनका एविक्शन ऐसे समय हुआ, जब वह शो के जरिए अपने सपनों को पूरा करने की कोशिश कर रही थीं। दरअसल, हालिया टास्क में उदिति सिंह, माही विज और यंग डीएसए को एक खास 'वरदान' दिया गया। इस वरदान के तहत इन तीनों के पास किसी एक कंटेस्टेंट की लाइफलाइन छीनने का अधिकार था। यह फैसला घर के गेम पर बड़ा असर डाल सकता था, क्योंकि किसी कंटेस्टेंट की लाइफलाइन उसके शो में बने रहने की उम्मीद से जुड़ी हुई थी। तीनों ने मिलकर रिहति तिवारी को निशाना बनाया। इसकी एक बड़ी वजह यह थी कि रिहति पहले ही अपनी पहली लाइफ गंवा चुकी थीं। ऐसे में उनकी बची हुई लाइफलाइन भी छिन जाने के बाद उनके पास शो में टिके रहने का रास्ता नहीं बचा। इस फैसले के साथ ही उन्हें अपना सामान पैक करके बिग बॉस का घर छोड़ना पड़ा। रीति तिवारी ने 'बिग बॉस 20' में अपने लिए एक अलग पहचान बनाने की कोशिश की थी। शो में आने के पीछे उनका सपना खुद को एक रॉकस्टार के तौर पर स्थापित करना भी था। हालांकि उनका सफर उम्मीद के मुताबिक लंबा नहीं चल सका। मिड-वीक एविक्शन ने उनके इस सफर को अचानक रोक दिया।



केबीसी 18 के सेट पर बिग बी को लगी चोट

नई दिल्ली। बीते दिन अमिताभ बच्चन के साथ कौन बनेगा करोड़पति 18 के सेट पर हादसा हुआ। सर्दी के महानायक को शूटिंग के दौरान काफी चोट आई, जिससे उनके फैंस काफी परेशान हो गए। अभिनेता ने अब हाल ही में अमिताभ बच्चन ने अपने फैंस को हेल्थ अपडेट दी है। अमिताभ बच्चन ने अपने स्वास्थ्य पर अपटेड देते हुए बताया कि बीते दिन उन्होंने बैठकर ही अपने शो की ओपनिंग की। एक्टर बोले, 'आम तौर पर मैं सेंटर में खड़े होकर अपने शो का मोनोलॉग बोलता हूं, लेकिन आज मुझे घुटने में चोट लग गई है। बीते दिन शूट के दौरान, मैं गिर गया था और मेरे घुटने पर कई चोटें आईं।' इस दौरान अभिनेता ने अपने घुटने की तरफ इशारा करते हुए इंजरी के बारे में बताया। जब बिग बी स्टूडियो से बाहर आ रहे थे उस दौरान वह थोड़ा लड़खड़ा रहे थे, जिसे देखकर फैंस थोड़े चिंतित हो गए थे।



हॉरर-कॉमेडी स्त्री 3 की स्क्रिप्ट पूरी, जल्द शुरू होगी शूटिंग

राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर स्टारर 'स्त्री 3' का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है। इस बीच मेकर्स ने पुष्टि की है कि फिल्म 2028 में रिलीज होगी। मेकर्स ने बताया कि डायरेक्टर अमर कौशिक ने स्क्रिप्ट पूरी कर ली है और जल्दी ही इसकी शूटिंग शुरू होगी।

मुंबई। हॉरर-कॉमेडी 'स्त्री' फ्रैंचाइजी का एक और चैप्टर दर्शकों के बीच दस्तक देने वाला है। हाल ही में प्रोड्यूसर दिनेश विजान ने हॉरर-कॉमेडी फ्रेंचाइजी के तीसरे भाग को लेकर बात की और कन्फर्म किया कि 'स्त्री 3' 2028 में आएगी और राजकुमार राव इस हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स के जरिए फिर दर्शकों के बीच धूम मचाएंगे। दिनेश विजान ने हाल ही में ये खुलासा किया। इवेंट के दौरान दिनेश विजान और राजकुमार राव ने फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म से लेकर अब तक के सफर के बारे में बात की और फिल्म के तीसरे भाग से जुड़ी जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि निर्देशक अमर कौशिक ने स्क्रिप्ट का काम पूरा कर लिया है। उन्होंने यह भी इशारा किया कि फिल्म में वो सारी जानी-पहचानी चीजें होंगी जिन्हें दर्शक 'स्त्री' से जोड़कर देखते हैं, लेकिन इसकी कहानी अब एक नई दिशा में आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी एक ऐसी दिशा में आगे बढ़ेगी जिसका अभी तक खुलासा नहीं हो पाया है और इस बार भी फिल्म में राजकुमार मुख्य भूमिका में होंगे।

'तू है मेरी किरण' में पति संग रोमांस करती नजर आएंगी सोनाक्षी

सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की फिल्म 'तू है मेरी किरण' की पहली झलक मेकर्स ने रिलीज कर दी है। अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा और उनके पति अभिनेता जहीर इकबाल जल्द 'तू है मेरी किरण' फिल्म में साथ नजर आएंगे। फिल्म का ऐलान मेकर्स ने कर दिया है। साथ ही फिल्म का पहला पोस्टर भी जारी हुआ है।



नई दिल्ली। काफी वक्त से सोनाक्षी सिन्हा ने सिल्वर स्क्रीन से दूरी बना कर रखी थी। वहीं उनके पति जहीर इकबाल का भी कोई नया प्रोजेक्ट सामने नहीं आया था। मगर अब कपल बहुत जल्द फिल्म 'तू है मेरी किरण'में साथ अभिनय करता दिखाई देगा। फिल्म रोमांटिक थ्रिलर होगी। फिल्म के फर्स्ट लुक में सोनाक्षी एक टेबल पर लैपटॉप पर काम करती दिखाई दे रही हैं। वहीं उनके पास बैठे जहीर उन्हें घूर रहे हैं। फिल्म 'तू है मेरी किरण' 23 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है। फिल्म का लेखन और निर्देशन करण रावल ने किया है। 'तू है मेरी किरण' में जहीर इकबाल और सोनाक्षी सिन्हा मुख्य किरदारों में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण सर्वेश गोयल, अश्वनी कुमार, मनोज दराक और नृपाल पटेल ने मिलकर किया है।

मनोरंजन का लगेगा मेला, लॉन्ग वीकेंड की बोरियत की होगी छुट्टी

आज थिएटर्स और ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में-सीरीज

नई दिल्ली। अक्टूबर का महीना सिनेप्रेमियो के लिए बेहद खास होने वाला है, क्योंकि ये ही वह मंथ है, जब कई बड़ी फिल्में और सीरीज सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं। अक्टूबर के महीने की पहली फ्राइडे रिलीज की पूरी लिस्ट सामने आ चुकी है, जिसमें कुल 9 सीरीज और फिल्में शामिल हैं।

दृश्यम 3 : अक्टूबर की पहली सबसे बड़ी रिलीज फिल्म अजय देवगन की दृश्यम 3 है, जो अपनी तीसरी इंस्टॉलमेंट के साथ लौट रही है। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी सस्पेंस थ्रिलर फिल्म में इस बार विजय सलगावकर का किस्सा आर या पार होने वाला है। उन पर एक नहीं, बल्कि कई पुलिस ऑफिसर्स की नजर है। दृश्यम 3 में उनके साथ मुख्य भूमिका में जयदीप अहलावत भी नजर आने वाले हैं। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म-थिएटर्स, जॉनर- सस्पेंस थ्रिलर।

लव : क्या हो जब दो अलग-अलग डेटिंग एप के फाउंडर प्यार को लेकर अपनी थियोरी रियल लाइफ में टेस्ट करें तो? यही है #लव की कहानी, जिसमें ऐश्वर्या लक्ष्मी और अर्जुन दास ने मुख्य भूमिका निभाई थी। एक तरफ जहां तारा का मानना है कि प्यार कैलकुलेशन से होता है, तो वहीं मैथ्यू बिल्कुल अलग सोच का है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- रोमांटिक।

बेथलहम कुडुम्बा यूनिट : 'बेथलहम कुडुम्बा यूनिट' में ममिता बैजू और निविन पॉली ने मुख्य भूमिका निभाई है। कहानी एक ऐसे अनोखे रोमांस के बारे में है, जो किसी भी छोटे से समाज या मोहल्ले में फैल जाती है। जहां परिवार से कोई भी बात नहीं छुपती है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- जियो हॉटस्टार, जॉनर- रोमांटिक कॉमेडी।



पूजा मेरी जान : पूजा मेरी जान एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है, जिसकी कहानी कोर्टरूम के इर्द-गिर्द घूमती है। पूजा की जिंदगी की परतों को खोलती कहानी में उसकी पूरी लाइफ तब बदल जाती है, जब उसके द्वारा रिजेक्ट किया गया लड़का सुसाइड कर लेता है। इस कारण उसे सीरियस लीगल ट्रबल झेलना पड़ता है। मृणाल ठाकुर ने फिल्म में अहम भूमिका निभाई है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- जी5, जॉनर- कोर्टरूम ड्रामा।

डूइंग लाइफ : फीचर फिल्म डूइंग लाइफ की कहानी अनिका नाम की लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने अलग-थलग हुए परिवार को एक साथ लाने की कोशिश करती है, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है, जब उसकी बातचीत जेल में बंद एक कैदी से होती है। फिल्म का निर्देशन टेलर पेरी ने किया है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- क्राइम ड्रामा।

प्रेम कीटाणु : यह एक हिंदी भाषीय रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसमें वीर पहाड़िया मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। कहानी उत्तर प्रदेश के उन दोस्तों की कहानी है, जिन्होंने अपनी जिंदगी में कुछ अचीव नहीं किया। स्कूल में उनके बुरे नंबर्स आए, प्यार में उनका दिल टूटा और साथ ही पेरेंट के प्रेशर को दिखाती ये कहानी बहुत ही मजेदार है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- कॉमेडी ड्रामा।

वैरायटी : हिंदी में जहां दृश्यम 3 सिनेमाघरों में अपना दबदबा बनाने आ रही है, तो वहीं कोलीन हूवर्स की बेस्ट सेलिंग नॉवेल पर बेस्ड फिल्म वैरायटी भी गांधी जयंती पर रिलीज हो रही है। यह एक हॉलीवुड साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। रिलीज डेट- 2 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- साइकोलॉजिकल थ्रिलर।

दुपहिया सीजन 2 : धड़कपुर में एक बार फिर से चोरी को लेकर उथल-पुथल मचने वाली है। दुपहिया के सीजन वन को दर्शकों ने बहुत ही ज्यादा पसंद किया था और अब अमेजन प्राइम वीडियो ने अब इसका दूसरा सीजन भी अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम कर दिया है। नए सीजन में भोजपुरी स्टार निरहुआ भी हैं।

खबर संक्षेप

घर की छत बनी बिजली का स्त्रोत

रायगढ़। ग्राम बनसिया के निवासी अशोक कुमार मानिकपुरी ने पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेकर अपने घर में सोलर पैनल स्थापित कराया है। वे बताते हैं कि सोलर पैनल लगने के बाद उन्हें इसका अच्छा लाभ मिल रहा है। घर की बिजली जरूरतों को सौर ऊर्जा के माध्यम से पूरा करने में मदद मिल रही है और बिजली खर्च में भी राहत महसूस हो रही है। बता दें कि सौर ऊर्जा अब केवल बड़े संस्थानों तक सीमित नहीं है, बल्कि सामान्य परिवार भी अपने घर की छत को ऊर्जा उत्पादन का माध्यम बना रहे हैं। इससे स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलने के साथ परिवारों को आर्थिक बचत का लाभ भी मिल रहा है।


विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक पर दी प्रस्तुति

रायगढ़। नमो सेवा अनकही कहानियां के तहत सेजेस बड़े भंडार में विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। नाटक के जरिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की यात्रा और देश के प्रति उनके योगदान पर आधारित जीवंत नाट्य की प्रस्तुति दी।

निधन...

बानछावर प्रधान

रायगढ़। ग्राम भाठन पाली निवासी 80 वर्षीय बानछावर प्रधान महीनों से शरीरिक अस्वस्थ होने की वजह से उनका इलाज जारी था। बीते 30 सितम्बर को इलाज के दौरान उनका देवलोक गमन हो गया। वे अपने पीछे दो पुत्र प्रफुल्ल और प्रमोद और रोते बिलखते परिवार को छोड़कर चले गए। वे केशला सोसायटी के समिति प्रबंधक रह चुके थे, वे सरल शांत स्वभाव व मिलन सार थे वहीं अतिम संस्कार 1 अक्टूबर को केलो नदी के किनारे स्थित मुक्ति धाम में किया गया। जहां बड़ी संख्या में रिश्ते नाते संगे संबंधित एवं ग्रामवासी शामिल रहे।



कहीं छत से टपकता पानी, तो कहीं एक कमरे में पांच कक्षाएं

चंघोरी और परसापाली के प्राइमरी स्कूल जर्जर, बारिश से बचने तिरपाल का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर तहसील अंतर्गत महानदी तटीय गांवों में सरकारी स्कूलों की बदहाल स्थिति बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है। क्षेत्र के चंघोरी और परसापाली स्थित प्राथमिक स्कूल जर्जर भवनों और कमरों की कमी से जूझ रहे हैं। चंघोरी में छत से पानी टपकने पर त्रिपाल लगाकर पढ़ाई कराई जा रही है, वहीं परसापाली में पहली से पांचवीं तक की पांच कक्षाएं एक ही छोटे कमरे में संचालित हो रही हैं। इसके बावजूद स्कूल भवनों की मरम्मत और बेहतर व्यवस्था की मांग अब तक पूरी नहीं हो सकी है।

चंघोरी प्राथमिक स्कूल की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। भवन की छत कमजोर हो चुकी है और जगह-जगह प्लास्टर उखड़ रहा है। बारिश के दौरान छत से पानी टपकने के कारण शिक्षकों को त्रिपाल लगाकर किसी तरह पढ़ाई जारी रखनी पड़ती है। भवन की खराब हालत को देखते हुए ग्रामीणों को आशंका है कि कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती है। दूसरी ओर, परसापाली प्राथमिक स्कूल में पर्याप्त कक्ष नहीं होने से बच्चों को एक ही कमरे में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। पहली से पांचवीं तक के विद्यार्थियों की कक्षाएं एक साथ संचालित होने से पढ़ाई का माहौल प्रभावित हो रहा है। अलग-अलग कक्षाओं के बच्चों को पढ़ाना शिक्षकों के लिए भी चुनौती बना हुआ है। जानकारी के अनुसार, दोनों स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या लगभग 25 से 30 के बीच है। चंघोरी और परसापाली, दोनों प्राथमिक स्कूलों में दो-दो शिक्षक पदस्थ हैं। इसके बावजूद जर्जर भवन और पर्याप्त कक्षों की कमी के कारण बच्चों को सुरक्षित एवं व्यवस्थित वातावरण में शिक्षा उपलब्ध कराने में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों की चिंता है कि पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

हादसे का का रहे इंतजार

ग्रामीणों का कहना है कि मामला केवल भवनों की मरम्मत तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों की सुरक्षा और उनके भविष्य से जुड़ा है। जर्जर छत के नीचे पढ़ाई करना और एक कमरे में पांच कक्षाएं संचालित करना विद्यार्थियों के लिए जोखिम और शैक्षणिक परेशानी दोनों बढ़ाता है।



पांच साल में छह से अधिक बार पत्राचार

स्कूल भवनों की स्थिति सुधारने के लिए लंबे समय से प्रयास किए जाने का दावा किया जा रहा है। स्कूल प्रबंधन के अनुसार, जर्जर भवन की समस्या से कई वर्षों से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जा रहा है। बीते पांच वर्षों में जीर्णोद्धार के लिए छह बार से अधिक पत्राचार किया जा चुका है, लेकिन अब तक मांग पूरी नहीं हुई है। स्थानीय निर्विरोध सरपंच श्रीमती जिनिता उमेश जेना भी इस संबंध में कई बार लिखित आवेदन दे चुकी हैं। वहीं, मंडल महामंत्री सुरेन्द्र जेना ने भी जिला स्तर के अधिकारियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराया है। इसके बावजूद भवनों की मरम्मत या नए भवन के निर्माण को लेकर ठोस पहल सामने नहीं आई है।



अवैध निर्माण के मामले में नपं ने दिए काम रोकने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

नगर पंचायत चंद्रपुर ने वार्ड क्रमांक 5 में पुरानी पानी टंकी के पास किए जा रहे कथित अनधिकृत निर्माण को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। नगर पंचायत ने आलोक मिश्रा पिता शारदा प्रसाद के नाम नोटिस जारी कर निर्माण कार्य तत्काल बंद करने के निर्देश दिए हैं।

नगर पंचायत कार्यालय चंद्रपुर की ओर से 1 अक्टूबर को जारी नोटिस में कहा गया है कि वार्ड क्रमांक 5 पानी टंकी के पीछे में बिना अनुमति अनाधिकृत रूप से निर्माण कर कब्जा किया जा रहा है। नगर पंचायत ने इसे तत्काल निर्माण कार्य बंद करने तथा इस संबंध में कार्यालय को लिखित सूचना देने के निर्देश दिए हैं। निर्माण कार्य से संबंधित भूमि हक के अभिलेख एवं आवश्यक दस्तावेज नोटिस प्राप्ति के तीन दिवस पश्चात नगर पंचायत कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद नियमानुसार अनुमति प्राप्त कर ही निर्माण कार्य करने को कहा गया है। नगर पंचायत ने नोटिस में यह भी साफ कर दिया है कि यदि निर्देशों का पालन नहीं किया गया और बिना अनुमति निर्माण कार्य जारी रखा गया तो संबंधितों के विरुद्ध नगरपालिका अधिनियम 1961 की धारा 187 एवं 187(1) सहित अन्य सुसंगत नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

सावित्री नगर में चला स्वच्छता अभियान अधिकारियों ने किया वाकथान

रायगढ़। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत गांधी जयंती के अवसर पर जिंदल पावर के सावित्री नगर कालोनी में स्वच्छता अभियान चलाया गया। कालोनी के लोगों को स्वच्छता के लिए जागरूक करने के उद्देष्य से सीईओ माइंस व प्रेसीडेंट ओमप्रकाष के नेतृत्व में कालोनी में वाकथान का आयोजन किया गया। अधिकारी व कर्मचारियों ने पूरी कालोनी में पैदल चलकर लोगों से कालोनी को स्वच्छ बनाए रखने व पालिथीन का उपयोग न करन तथा कचरा नहीं फेलाने का आग्रह किया।

सभी ने कालोनी में झाड़ू लगाकर लोगों को परिसर को साफ बनाए रखने का संदेश दिया। गांधी जयंती के अवसर जिंदल पावर तमनार के सावित्री नगर कालोनी में ईएमडी विभाग द्वारा स्वच्छता के लिए लोगों को जागरूक करने कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 6 बजे को आपरेटिव परिसर के सामने हुई। सबसे पहले जीईटी द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसके माध्यम से यह बताया गया कि स्वच्छता किसी एक की नहीं बल्कि हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीईओ व प्रेसीडेंट माइंस ओमप्रकाश ने कहा कि सफाई और पालिथीन का उपयोग नहीं करने के लिए जागरूकता की कमी अभी भी बनी हुई है, इसीलिए हर साल स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन करना पड़ रहा है। ओमप्रकाश ने कहा कि पालिथीन का उपयोग नहीं करने के लिए दुकानदारों को सर्कुलर जारी किया गया था, लेकिन कालोनी के लोग सामान लेने के लिए बिना झोला लिए ही दुकान जाने लगे, पालिथीन नहीं होने पर सामान नहीं मिलता था। उन्होंने कहा कि पालिथीन का उपयोग तो करना ही नहीं चाहिए, क्योंकि आखिर उसे आना कचरे में ही है।



एक दिवसीय एआई कार्यशाला आज, वित्त मंत्री करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की संभावनाओं से जिले के विद्यार्थियों, युवाओं, शिक्षकों, प्रशासन, उद्योग व्यवसाय और नागरिकों को जोड़ने की दिशा में रायगढ़ में आज विशेष एआई कार्यशाला आयोजित की जाएगी। भारत सरकार के इंडिया एआई मिशन के अंतर्गत आईआईआईटी नया रायपुर के एआई सेन्टर ऑफ एक्सलेंस और जिला प्रशासन रायगढ़ के संयुक्त आयोजन में यह एक दिवसीय कार्यशाला संत पूज्य प्रियदर्शी राम जी ऑडिटोरियम पंजरी प्लांट रायगढ़ में होगी। रायगढ़ की एआई उड़ान जागरूकता से नवाचार तक थीम पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ वित्त मंत्री एवं विधायक ओपी चौधरी करेंगे। कार्यशाला के लिए कुल 5 हजार 136 लोगों ने पंजीयन कराया, जिनमें से 1 हजार 750 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। चयनित प्रतिभागियों में विद्यार्थी, युवा, शिक्षक, अधिकारी कर्मचारी, उद्यमी, व्यवसायी तथा नई तकनीकों में रुचि रखने वाले नागरिक शामिल हैं। कार्यशाला के प्रथम चरण में प्रतिभागियों को एआई की वर्तमान क्षमताओं तथा शिक्षा, प्रशासन, उद्योग, व्यवसाय, रोजगार एवं उद्यमिता के क्षेत्र में इसके उपयोग की जानकारी दी जाएगी। साथ ही रायगढ़ की स्थानीय समस्याओं के समाधान में एआई आधारित तकनीकी समाधानों की संभावनाओं पर भी चर्चा होगी।



